**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**
**मध्यावधि परीक्षा, अभ्यास प्रश्न -पत्र**
**कक्षा – ग्यारहवीं, विषय - अर्थशास्त्र (030)**
**सत्र (2026-27)**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक – 80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं:**
   **खंड (क) - अर्थशास्त्र के लिए सांख्यिकी (40 अंक)**
   **खंड (ख) - व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय (40 अंक)**
2. **इस प्रश्न पत्र में प्रश्न सख्या 1 से 10 तथा 18 से 27 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक के हैं।**
3. **इस प्रश्न पत्र में प्रश्न सख्या 11 से 12 तथा 28 से 29 अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और तीन अंक के हैं और इनमें से प्रत्येक के उत्तर 60 से 80 शब्दों में दीजिए।**
4. **इस प्रश्न पत्र में प्रश्न सख्या 13 से 15 तथा 30 से 32 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और चार अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर 80 से 100 शब्दों में दीजिए।**
5. **इस प्रश्न पत्र में प्रश्न सख्या 16 से 17 तथा 33 से 34 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और छः अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर को 100 से 150 शब्दों में दीजिए।**

**प्रश्न सं.** **खंड (क) - अर्थशास्त्र के लिए सांख्यिकी** **अंक**

1 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए: 1
**कथन 1:** सांख्यिकी केवल मात्रात्मक आँकड़ों और तथ्यों के समूहों से संबंधित है।
**कथन 2:** व्यक्तिगत दृष्टांत के लिए सांख्यिकीय परिणाम पूरी तरह से सटीक और सत्य होते हैं।
*( सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**
क. कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।
ख. कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।
ग. कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।
घ. कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

2 निम्नलिखित में से ***असत्य*** कथन की पहचान कीजिए: 1

क. वर्ग अंतराल के मध्य-बिंदु को वर्ग-चिन्ह् कहा जाता है।
ख. एक संतत चर कोई भी भिन्नात्मक मान ले सकता है।
ग. समावेशी श्रृंखला में एक वर्ग की ऊपरी सीमा सदैव अगले वर्ग की निचली सीमा के बराबर होती है।
घ. ऊपरी सीमा और निचली सीमा के अंतर को वर्गांतर कहा जाता है।

3 निम्नलिखित में से कौनसा आँकड़ों के स्थानिक/भौगोलिक वर्गीकरण का प्रतिनिधित्व करता है? 1

(I) जनसंख्या के आँकड़ों का देश या राज्य के अनुसार वर्गीकरण।
(II) लगातार तिमाहियों में लाभ स्तर का वर्गीकरण।
(III) छात्रों के निवास के आधार पर वर्गीकरण।
(IV) राज्यों के आधार पर साक्षरता दर का वर्गीकरण।

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. (I) और (II)
ख. (I), (II) और (III)
ग. (II) और (III)
घ. (I), (III) और (IV)

4 निम्नलिखित में से कौन सी सांख्यिकी की एक सीमा है? 1

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. यह जटिल तथ्यों को व्यवस्थित प्रारूपों में सरल बनाती है।
ख. यह मात्रात्मक रूप में दिए बिना गुणात्मक घटनाओं का सीधे अध्ययन नहीं कर सकती।
ग. यह बहु-परिवर्तनीय व्यवस्थाओं के तुलनात्मक मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करती है।
घ. यह समष्टि आर्थिक नीति निर्माण में सहायता करती है।

5 निम्नलिखित में से किसे द्विविम या क्षेत्रफल-आधारित ज्यामितीय आरेखों के रूप में वर्गीकृत किया गया है? 1

I) सरल दंड आरेख
II) वृत्त आरेख
III) उप-विभाजित/घटक दंड आरेख
IV) आयतचित्र

**विकल्प:**

क. (I) और (III)
ख. (II) और (IV)
ग. (I), (II) और (III)
घ. उपरोक्त सभी

6 एक सांख्यिकीय सारणी में क्षैतिज शीर्षकों (horizontal headings) को क्या कहा जाता है? 1

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. उप शीर्षक
ख. अव-शीर्षक
ग. पाद-टिप्पणी
घ. सारणी शीर्षक

7. दिए गए कॉलम I और कॉलम II में तथ्यों के ***असत्य*** युग्म का चयन कीजिए: - 1

| **कॉलम I** | | **कॉलम II** | |
|---|---|---|---|
| (अ) | उत्तरदाता | (i) | वह व्यक्ति जो आँकड़े प्रदान करता है। |
| (ब) | पायलट सर्वेक्षण | (ii) | प्रश्नावली का पूर्व-परीक्षण। |
| (स) | कोटा प्रतिचयन | (iii) | यादृच्छिक प्रतिचयन |
| (द) | प्राथमिक आँकड़े | (v) | किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए प्रत्यक्ष रूप से एकत्र किए गए आँकड़े। |

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. (अ)- I
ख. (ब)- II
ग. (स)- III
घ. (द) – IV

8. निम्नलिखित कथनों अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए। सही विकल्प का चयन कीजिए। 1
**अभिकथन (A):** डाक द्वारा प्रश्नावली विधि में उत्तरदाताओं की उत्तर देने की दर बहुत कम होती है।
**कारण (R):** उत्तरदाताओं में अक्सर रुचि कम होती है या अपूर्ण प्रश्नावली वापस करते है।

**विकल्प:**

क. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, और दिया गया कारण अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
ख. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन दिया गया कारण अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
ग. अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
घ. अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

9. निम्नलिखित कथनों अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए। सही विकल्प का चयन कीजिए। 1
**अभिकथन (A):** समांतर माध्य से मदों के विचलन का योग हमेशा शून्य के बराबर होता है।
**कारण (R):** समांतर माध्य चरम मूल्यों से प्रभावित होता है।

**विकल्प:**

क. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, और दिया गया कारण अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
ख. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन दिया गया कारण अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
ग. अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
घ. अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

10 निम्नलिखित कथनों में से उस कथन की पहचान कीजिए जो समांतर माध्य का सही प्रतिनिधित्व करता है: 1

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. इसे सभी प्रेक्षणों के मूल्यों के योग को कुल प्रेक्षण संख्याओं से विभाजित करने के रूप में परिभाषित किया जाता है।
ख. संचय आवृत्ति वक्र की सहायता से आलेखीय रूप से प्रस्तुत जा सकता है।
ग. माध्य से निकालें गए विचलनों का योग हमेशा अधिकतम होता है।
घ. समांतर माध्य एक स्थिति संबंधित औसत है।

11 आँकड़े के वर्गीकरण की अपवर्जी विधि से क्या तात्पर्य है? एक उपयुक्त संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से समझाइए। 3

12 (A) 3
याद्दच्छिक प्रतिचयन और अयाद्दच्छिक प्रतिचयन विधियों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

(B)
आँकड़ों के संकलन की जनगणना और प्रतिदर्श विधियों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

13 समांतर माध्य की गणना कीजिए: 4

| वर्ग अंतराल | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 5 | 12 | 18 | 22 | 8 | 5 |

**अथवा**

यदि $\bar{x}$ = 42 है, तो निम्नलिखित के लिए ***f*** का मान ज्ञात कीजिए: -

| अंक | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 10 | 14 | ***f*** | 6 | 5 |

14 1) 'सांख्यिकी का अध्ययन आर्थिक विश्लेषण का एक अनिवार्य हिस्सा है', उपयुक्त कारणों सहित कथन का समर्थन या खंडन कीजिए। 2

2) क्या आप स्वयं को एक उपभोक्ता मानते हैं? क्यों? 2

15 **निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

लघु उद्योग के पाँच उद्यमियों का एक समूह अपने दैनिक कार्य संबंधी लाभ को दर्ज करता है। एक विशिष्ट दिन, वे क्रमशः ₹400, ₹450, ₹'P', ₹600 और ₹650 का लाभ बताते हैं। सभी उद्यमियों के लिए लाभ का समांतर माध्य ₹520/- परिकलित किया गया है।

**प्रश्न:**

1) तीसरे उद्यमी द्वारा लाभ 'P' निर्धारित कीजिए। 2
2) यदि प्रत्येक उद्यमी को ₹50 का लाभ-कर देना हो, तो नया माध्य क्या होगा? 1
3) मान लीजिए कि त्योहार पर माँग में वृद्धि के कारण सभी उद्यमियों का लाभ दोगुना हो जाता है। अब नया समांतर माध्य क्या होगा? 1

16 (A) 6

निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर एक परिवार के उपभोग व्यय को वृत्त आरेख के रूप में प्रस्तुत कीजिए:

| **क्र. सं..** | **मदें** | **व्यय (%)** |
|---|---|---|
| 1 | भोजन | 35 |
| 2 | किराया | 25 |
| 3 | बिजली | 20 |
| 4 | शिक्षा | 15 |
| 5 | विविध | 5 |

**प्रश्न 16 (A) के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए)**
एक अच्छी सांख्यिकीय सारणी के कौन-कौन से भाग होते हैं?

17 (A) 6

दिए गए आँकड़ों को एक उप-विभाजित दंड आरेख द्वारा प्रस्तुत कीजिए:

| वर्ष | जनसंख्या | | कुल |
|---|---|---|---|
| | ग्रामीण श्रमिक | शहरी श्रमिक | |
| 2021 | 90 | 50 | 140 |
| 2022 | 95 | 60 | 155 |
| 2023 | 100 | 70 | 170 |
| 2024 | 110 | 80 | 190 |

**दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न 17 (A) के स्थान पर**

(A) प्राथमिक आँकड़ों और द्वितीयक आँकड़ों में अंतर स्पष्ट कीजिए तथा प्रत्येक की उपयुक्तता भी समझाइए।

**अथवा**

(B)

निम्नलिखित आँकड़े सांख्यिकी परीक्षा में 50 छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों को दर्शाते हैं। आँकड़ों को 'से कम' (Less Than) और 'से अधिक' (More Than) संचयी बारंबारता वितरण तालिका में वर्गीकृत कीजिए:

41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87, 88, 89, 90 6

## खंड (ख) - व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय

18 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए: 1

**कथन 1:** प्रत्येक समाज को संसाधनों की दुर्लभता का सामना करना पड़ता है।

**कथन 2:** संसाधनों की दुर्लभता ही चयन की समस्या को उत्पन्न करती है।

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

ख. कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

ग. कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

घ. कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

19 'सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रिक कारों पर सब्सिडी देने या कम आय वाले यात्रियों के लिए सार्वजनिक बस परिवहन को पूरी तरह से वित्तपोषण करने में से किसी एक को चुनना होगा।' 1

यह प्रत्यक्ष रूप से किस केंद्रीय समस्या को दर्शाता है?

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. कैसे उत्पादन किया जाए?

ख. किसके लिए उत्पादन किया जाए?

ग. क्या उत्पादन किया जाए और कितनी मात्रा में किया जाए?

घ. कब उत्पादन किया जाए?

20 दिए गए कॉलम I और कॉलम II में तथ्यों के ***असत्य*** युग्म का चयन कीजिए: - 1

| **कॉलम I** | | **कॉलम II** | |
|---|---|---|---|
| A. | अवसर लागत | (i) | उत्पादन की तकनीक के चयन की समस्या। |
| B. | सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण | (ii) | 'क्या है' से संबंधित है और वास्तविक आँकड़ों द्वारा सत्यापित किया जा सकता है। |
| C. | आदर्शक आर्थिक विश्लेषण | (iii) | 'क्या होना चाहिए' से संबंधित है। |
| D. | व्यष्टि अर्थशास्त्र | (iv) | एक व्यक्तिगत आर्थिक इकाई के व्यवहार का अध्ययन करता है। |

*सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. A - I
ख. B - II
ग. C - III
घ. D – IV

21 निम्नलिखित में से कौनसा उत्पादन संभावना वक्र (PPC) के दाईं ओर खिसकाव का कारण है? 1

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. प्राकृतिक आपदा के कारण संसाधनों का विनाश
ख. अर्थव्यवस्था में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी
ग. विदेशी पूँजी का आगमन और प्रौद्योगिकी में प्रगति
घ. देश से कुशल श्रमिकों का प्रवसन

22 एक वस्तु-X के संदर्भ में, एक उपभोक्ता उस बिंदु पर अधिकतम संतुष्टि (संतुलन) प्राप्त करता है जहाँ:- 1

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. $\frac{MUx}{Px} < MU_m$
ख. $MU_x \times P_x = MU_m$
ग. $\frac{MUx}{Px} = MU_m$
घ. $MU_x - P_x > MU_m$

23 निम्नलिखित कथनों अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए। सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

**अभिकथन (A):** किसी निम्नस्तरीय वस्तु की बाजार कीमत में गिरावट एक विवेकशील उपभोक्ता को उस वस्तु की कम इकाइयाँ खरीदने के लिए प्रेरित करती है।

**कारण (R):** निम्नस्तरीय वस्तुओं के लिए, आय प्रभाव ऋणात्मक होता है।

**विकल्प:**

क. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, और दिया गया कारण अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
ख. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन दिया गया कारण अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
ग. अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
घ. अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

24 ***असत्य*** कथन की पहचान कीजिए: 1

क. यदि दो वस्तुओं का संयुक्त रूप से उपयोग किया जाता है, तो एक की कीमत में वृद्धि से दूसरी की माँग कम हो जाएगी।
ख. बढ़ती सीमांत उपयोगिता के कारण माँग वक्र का ढलान नीचे की ओर होता है।
ग. नमक जैसी आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमत में परिवर्तन से माँग में अधिक परिवर्तन नहीं होता है।
घ. यदि कोई उपभोक्ता किसी उत्पाद को पसंद करना बंद कर देता है, तो उसका माँग वक्र बाईं ओर खिसक जाएगा।

25 निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए: 1
**कथन 1:** अनधिमान वक्र, घटती सीमांत प्रतिस्थापन दर (MRSxy) के कारण मूल बिंदु की ओर उन्नतोदर होता है।
**कथन 2:** यदि वस्तु- X की बाजार कीमत गिरती है जबकि आय स्थिर है, तब बजट रेखा का खिसकाव समानांतर दांई ओर होगा।

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।
ख. कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।
ग. कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।
घ. कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

26 सही समीकरण की पहचान कीजिए: 1

क. $MP_n = TP_n - TP_{n-1}$
ख. AP = TP X Q
ग. $TP = \Sigma AP$
घ. MP = AP / Q

27 यदि चौथी इकाई पर एक परिवर्तनशील कारक का औसत उत्पाद (AP) 15 है और 5वीं इकाई पर यह बढ़कर 18 हो जाता है, तो 5वीं इकाई पर सीमांत उत्पाद (MP) का सटीक मान क्या होगा ? 1

*(सही विकल्प का चयन कीजिए)*

**विकल्प:**

क. 3
ख. 18
ग. 30
घ. 90

28 'माँग में कमी' और 'माँग में संकुचन' के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

प्रतिस्थापन वस्तुओं और पूरक वस्तुओं के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए, प्रत्येक के लिए प्रासंगिक वास्तविक उदाहरण भी दीजिए।

29 मान लीजिए कि एक उपभोक्ता दो वस्तुओं वस्तु-X और वस्तु-Y का उपभोग कर रहा है। यदि निम्नलिखित स्थितियाँ हों, तो संतुलन प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता द्वारा किए जाने वाले समायोजनों की व्याख्या कीजिए ।

1. $MRS_{xy} > P_x / P_y$ 1.5
2. $MRS_{xy} < P_x / P_y$ 1.5

30 एक उपभोक्ता वस्तु की बाजार कीमत में 15% की गिरावट के परिणामस्वरूप, इसकी माँग में 12 इकाइयों का विस्तार होता है। यदि माँग की कीमत लोच 2 है, तो प्रारंभिक मांगी गई मात्रा ज्ञात कीजिए। 4

**अथवा**

जब किसी वस्तु का बाजार मूल्य ₹20 से बढ़कर ₹25 प्रति इकाई हो जाता है, तब भी उपभोक्ता 50 इकाइयों की खरीदारी जारी रखता है। माँग की कीमत लोच की गणना कीजिए और इसके परिणाम की विवेचना कीजिए।

31 **निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

सीमित कृषि भूमि और पूँजी वाला एक विकासशील देश यह तय करने में उलझा है कि अपने दुर्लभ संसाधनों का उपयोग आधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने के लिए करें या रोज़गार के अधिक अवसर सुनिश्चित करने के लिए लघु उद्योगों का विस्तार करें ।

**प्रश्न:**

(i) उपरोक्त परिदृश्य में उजागर मुख्य आर्थिक समस्या की पहचान कीजिए। स्पष्ट कीजिए कि यह समस्या अर्थव्यवस्था को चयन करने के लिए क्यों मजबूर करती है? 2

(ii) श्रम-प्रधान और पूँजी-प्रधान उत्पादन तकनीकों के बीच चयन करते समय सरकार को किन कारकों का मूल्यांकन करना चाहिए? 2

32 **निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

रोहन ने हाल ही में बाजार की कीमतों में बदलाव देखने के बाद अपने घरेलू बजट का विश्लेषण किया। उसने देखा कि जब पेट्रोल की कीमत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, तो उसके शहर में पेट्रोल से चलने वाली कारों की माँग काफी घट गई। इस बीच रोहन, फलों (सेब और केले) की अपनी मासिक खरीदारी की योजना बनाते समय, हमेशा 3 सेब और 5 केले वाले बास्केट/बंडल की तुलना में 4 सेब और 5 केले वाले बास्केट/बंडल को प्राथमिकता देता है, यह मानते हुए कि दोनों बास्केट/बंडल उसके बजट के भीतर हैं।

**प्रश्न:**

(i) पेट्रोल तथा पेट्रोल से चलने वाली कारों के बीच संबंध बताएं। पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि पेट्रोल कारों की माँग को कैसे प्रभावित करती है? 2

(ii) (3 सेब और 5 केले) की तुलना में (4 सेब और 5 केले) के लिए रोहन की प्राथमिकता, उपभोक्ता व्यवहार की किस विशेषता को दर्शाती है? व्याख्या कीजिए। 2

33 एक विद्यार्थी को दो वस्तुएँ खरीदने के लिए ₹1,200 मिलते हैं: नोटबुक (वस्तु X) और पेन (वस्तु Y)। एक नोटबुक की कीमत ₹60 है, जो एक पेन की कीमत का ठीक तीन गुना है।
उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

1. विद्यार्थी का बजट समीकरण बनाइए। 2
2. यदि विद्यार्थी ठीक ₹900 खर्च करने का निर्णय लेता है, तो दो अलग-अलग प्राप्य बंडलों/संयोग की पहचान कीजिए। 2
3. कारण सहित निर्धारित कीजिए कि क्या विद्यार्थी 15 नोटबुक और 20 पेन वाला बंडल खरीद सकता है। 2

34 (A) 6

निम्नलिखित जानकारी से परिवर्तनशील अनुपातों के नियम की तीनों अवस्थाओं की पहचान तथा सीमांत उत्पाद के सन्दर्भ में व्याख्या कीजिये :

| परिवर्तनशील आगत की इकाइयाँ | कुल उत्पाद (इकाइयाँ) |
|---|---|
| 0 | 0 |
| 1 | 5 |
| 2 | 16 |
| 3 | 25 |
| 4 | 31 |
| 5 | 35 |
| 6 | 37 |
| 7 | 37 |
| 8 | 34 |

**अथवा**

(B)

निम्नलिखित के बीच संबंध की व्याख्या कीजिए:

i) कुल उत्पाद (TP) और सीमांत उत्पाद (MP) 3

ii) औसत उत्पाद (AP) और सीमांत उत्पाद (MP) 3